## एक नजर में

### वाहन चालकों के विरुद्ध एम.व्ही. एक्ट में कार्रवाई

**खंडवा।** जिला खंडवा में समस्त थाना प्रभारियों द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चालकों के विरुद्ध बिना नंबर प्लेट, तीन सवारी,बिना हेलमेट,सीट बेल्ट ना लगाने वाले तथा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 17 वाहन चालकों के विरुद्ध एम.व्ही. एक्ट के तहत कार्रवाई की गई एवं समन शुल्क 6100/-रुपए वसूल किए गए है।उप पुलिस अधीक्षक यातायात द्वारा जिले के समस्त नागरिकों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई है।

### तैयारियों को लेकर हुई किशोर नगर रहवासी संघ सदस्यगणों की बैठक

**खंडवा।** किशोर नगर हनुमान वाटिका स्थित श्री मनोकामनेश्वर हनुमान मंदिर में आज गुरुवार 7 अगस्त को किशोर नगर रहवासी संघ के तत्वावधान में संगीतमय अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया जा रहा है।तैयारियों को लेकर किशोर नगर रहवासी संघ सदस्यगणों की एक बैठक आयोजित हुई। बैठक के पूर्व सुंदरकांड पाठ का आयोजन भी किया गया।इस मौके पर सदस्यों व्दारा संघ के सक्रिय सदस्य आरके चौरे का शाल,श्रीफल द्वारा सम्मान किया गया। यह जानकारी देते हुए संघ प्रवक्ता निर्मल मंगवानी ने बताया कि अखंड रामायण पाठ का आयोजन मंदिर प्रमुख पं.मनोज उपाध्याय के सानिध्य एवं दिशा निर्देशन में होगा। संगीतमय श्री अखण्ड रामायण पाठ का वाचन नगर के अनेकरामायण मंडल सदस्यों द्वारा गुरुवार 7 अगस्त प्रातः 7 बजे से होगा।वहीं अखंड रामायण का परायण शुक्रवार 8 बजे आरती पश्चात दोपहर 12 से 3 बजे तक प्रसादी वितरण के साथ होगा। धर्म प्रेमी जनता से आयोजन में शामिल होकर मानव जीवन सफल बनाने की अपील किशोर नगर रहवासी संघ,मातृशक्ति महिला मंडल,सुभाष नगर,रेल्वे कॉलोनी,किशोर नगर रहवासी संघ महिला मंडल, शुक्ला कॉलोनी,ब्रज नगर महिला मंडल,कावेरी विहार मंडल आदि द्वारा गई है।

### गौ सेवा परमो धर्म :, गौ सेवा का संकल्प



**खण्डवा।** लायन्स क्लब खण्डवा लियो व आदर्श योग एवं संस्कार प्रतिष्ठान परिवार द्वारा गौशाला परिसर में गायों का पूजन कर चापड़ व लपसी खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किया गया। कार्यक्रम संयोजक लायन नारायण बाहेती ने बताया कि लायन्स क्लब खण्डवा अध्यक्ष आशा उपाध्याय, उपाध्यक्ष घनश्याम वाधवा,सचिव ओमप्रकाश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पवन लाड़ आदर्श योग के अध्यक्ष दिलीप जेन,सचिव नारायण बाहेती, कोषाध्यक्ष दामोदर गर्ग के नेतृत्व में साप्ताहिक गौ सेवा योगाचार्य कार्यक्रम दामोदर जी गर्ग के सहयोग से आयोजित की जा रही हैं। गौसेवा के तहत प्रति सप्ताह गणेश गौशाला में चापड़ व खाद्य सामग्री खिलाई जा रही हैं। आज के कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में रीज़न चेयरपर्सन लायन राजीव मालवीय एवं झोन चेयरपर्सन लायन अणिमा उबेजा विशेष रूप से उपस्थित रहे। रीजन चेयरपर्सन लायन राजीव मालवीय ने अपने उद्बोधन में कहाकि लायन्स क्लब खण्डवा की सेवाओं को नमन हैं आपके द्वारा मानव सेवा के साथ साथ पशु सेवा का भी निरंतर सेवा कार्य करना प्रशंसनीय है। गाय को माता मानकर सेवा करना न केवल धर्म, बल्कि समाज और राष्ट्र की सेवा भी है। हमें गौमाता की सेवा और संरक्षण को प्राथमिकता देनी चाहिए, ताकि हमारी आने वाली पीढ़ियां भी इस अनमोल धरोहर का लाभ उठा सकें।झोन चेयरपर्सन लायन अणिमा उबेजा ने कहा कि गौ सेवा से यश, कीर्ति व सौभाग्य का द्वार खुलता है। शास्त्रों में गौ माता की साक्षात यज्ञरूप मान्यता है।गौ में मां जैसी ममता, करुणा और वात्सल्य है, वह मानव मात्र का हित करने वाली है। इसलिए हमारे पूर्वजों ने गौ सेवा, गौ माता की पूजा व रक्षा को दिनचर्या का अंग बनाया था। अध्यक्ष आशा उपाध्याय ने सभी अतिथि गण का स्वागत करते हुए सेवा कार्यों की जानकारी दी।आज के कार्यक्रम में समाजसेवी सुनील जैन, उपाध्यक्ष लायन घनश्याम वाधवा, लियो अध्यक्ष सुमीत परिहार, राजू जोशी, अपूर्व उपाध्याय योग के विजय सोनी, जितेंद राठौर,रीना व्यास अर्णव बाहेती व लायन लियो योग के सदस्यों ने उपस्थित होकर सहयोग किया।सुमित परिहार ने सभी का आभार माना।

### सांसद ने शाह से शिष्टाचार भेंट कर दी अपनी और क्षेत्रवासियों की ओर शुभकामनाएं



**खंडवा।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष असंख्य कार्यकर्ताओं के प्रेरणास्तंभ,संगठन के शिल्पी और राष्ट्रनीति के दृढ़ मार्गदर्शक केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में गृह मंत्री के पद पर रहते हुए एक इतिहास रचा हें।प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि पार्टी संगठन को मजबूती प्रदान करते हुए संगठन के साथ ही सत्ता में भी केंद्रीय गृहमंत्री के रूप में सशक्त भूमिका निभाई है। भारतीय इतिहास में 2258 दिनों से अधिक समय से गृहमंत्री के पद पर रहकर राष्ट्र सेवा में सतत समर्पण अटूट निष्ठा और लोकोन्मुख संकल्प के साथ मां भारती की सुरक्षा और गौरव की परिकाष्ठा को स्पर्श करने का कार्य गृहमंत्री रहते हुए अमित शाह जी ने किया है। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि बुधवार को नई दिल्ली में खंडवा लोकसभा सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने केंद्रीय सहकारिता एवं गृहमंत्री अमित शाह से शिष्टाचार भेंट कर भारतीय इतिहास में 2,258 दिनों से अधिक समय राष्ट्रीय सेवा कर इतिहास बनाने वाले श्री शाह को अपनी और क्षेत्रवासियों की ओर से बधाई एवं शुभकामनाएं देकर मार्गदर्शन प्राप्त किया।इस अवसर पर सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल के साथ ही भोपाल के सांसद रामेश्वर शर्मा, छिंदवाड़ा के सांसद बंटी साहू भी उपस्थित थे।

# हर्षोल्लास एवं समारोह पूर्वक मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस

नवभारत न्यूज

**खंडवा। जिले में आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस, हर्षोल्लास एवं समारोहपूर्वक मनाया जाएगा। कार्यक्रम में आकर्षक परेड आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ध्वजारोहण कर परेड की सलामी लेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का प्रसारण भी इस अवसर पर किया जाएगा। कार्यक्रम में स्कूली विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे तथा कार्यक्रम के अंत में सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों के लिए बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर ऋषव गुप्ता की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक संपन्न हुई।**



कलेक्टर ने बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले में सामान्य प्रशासन विभाग के निर्देशो के अनुरूप कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर झंडा संहिता का पालन करते हुए जिले के सभी कार्यालयों में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी शासकीय कार्यालयों में रात्रि में रोशनी की व्यवस्था करने के संबंध में भी अधिकारियों को निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि 15 अगस्त को सुबह से स्कूली विद्यार्थियों की प्रभात फेरी स्कूलों से शहर के विभिन्न मार्गो से होती हुई पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेगी। इसके लिए यातायात पुलिस के अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्था के संबंध में निर्देश दिए।

पुलिस परेड ग्राउंड पर आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए बैठक व्यवस्था, बेरीकेटिंग व्यवस्था, साफ सफाई व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, आकस्मिक चिकित्सा व्यवस्था के संबंध में भी कलेक्टर श्री गुप्ता ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रमो में कुल पांच स्कूलों के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।इन कार्यक्रमों का अंतिम चयन जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जिला शिक्षा अधिकारी की समिति द्वारा किया जाएगा।

### ये बैठक में मौजूद थे

बैठक में पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय, जिला पंचायत के सीईओ डॉक्टर नागार्जुन बी. गौड़ा, पुनासा एसडीएम शिवम प्रजापति, सहायक कलेक्टर कृष्णा सुशीर, अपर कलेक्टर के आर बड़ोले सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

### फाइनल रिहर्सल 13 अगस्त को

बैठक में बताया गया कि स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की फुल ड्रेस फाइनल रिहर्सल 13 अगस्त को सुबह 9 बजे से होगी। कलेक्टर ने सभी जिला अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्धारित समय से पूर्व फाइनल रिहर्सल के दिन कार्यक्रम स्थल पर पहुंच जाएं।

# खंडवा के एनएचडीसी कार्यालय में कुर्की !







नवभारत न्यूज

**खंडवा। इंदिरा सागर बांध के डूब प्रभावितों को मुआवजा न मिलने के मामले में कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। हाईकोर्ट के आदेश के बाद जिला न्यायालय की टीम ने एनएचडीसी कार्यालय में कुर्की की कार्रवाई की।**

### कई सामान जब्त किया गया

इंदिरा सागर बांध के डूब प्रभावितों को अब तक मुआवजा नहीं मिलने पर कोर्ट ने एनएचडीसी के खिलाफ सख्त कदम उठाया है। जिला न्यायालय के कर्मचारी बुधवार को एनएचडीसी कार्यालय पहुंचे और कुर्की की कार्रवाई की। यह कार्रवाई करीब तीन घंटे तक चली,जिसमें कंप्यूटर, प्रिंटर, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और अन्य सामग्री जब्त की गई।

### 48 लाख का है मुआवजा

मामला एक किसान दशरथ पिता नन्नू के 48 लाख रुपए के मुआवजे से जुड़ा है, जिसे एनएचडीसी ने अब तक मुआवजा नहीं चुकाया था। इस मामले में कोर्ट का आदेश साफ था, लेकिन आदेश का पालन नहीं होने पर कुर्की करनी पड़ी।

प्रभावित के वकील प्रणेंद्र राकां ने कहा कि कोर्ट का आदेश लंबे समय से था, लेकिन एनएचडीसी ने मुआवजा नहीं दिया। मजबूरी में कुर्की की कार्रवाई करानी पड़ी। ये प्रभावितों की जीत है।

एनएचडीसी की वकील सुनीता रेवारी ने कहा कि हम उच्चतम न्यायालय में इस आदेश को चुनौती देंगे। एनएचडीसी का पक्ष वहां रखा जाएगा।

बताया जा रहा है कि ऐसे अन्य मामले हैं, जिनमें करोड़ों रुपए का मुआवजा एनएचडीसी को देना है, लेकिन भुगतान अब तक नहीं हुआ। प्रभावितों ने इसे न्याय की दिशा में एक बड़ा कदम बताया है, वहीं एनएचडीसी अब सुप्रीम कोर्ट जाने की तैयारी में है।

# 23 असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई




नवभारत न्यूज

**खंडवा।** जिले के विभिन्न थानों में 23 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है। धारा 126/135 बीएनएसएस के तहत 09 प्रकरणों मे 17 अनावेदकों के विरुद्ध, धारा 170 बीएनएसएस के तहत 04 प्रकरण मे 05 अनावेदकों के विरुद्ध अनावेदकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है।जिले में 12 अनावेदकों के विरुद्ध बाउंड ओवर की कार्रवाई की गई है।

पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) महेंद्र तारणेकर व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राजेश रघुवंशी के मार्गदर्शन में 25 गिरफ्तारी, 29 जमानती वारंट, 83 समन जिले के विभिन्न थानो के द्वारा अलग-अलग न्यायालय के तामील किये गए।

थाना पदमनगर के आरोपी सजल उर्फ बिट्टू पिता संजय राठौर उम्र 22 साल निवासी गणगौर गली दादाजी वार्ड खंडवा द्वारा अवैध रूप से अपने हाथ में लोहे का धारदार छुरा लेकर लोगो को डराते धमकाते हुए घुमता दिखा जिसके कब्जे से एक लोहे का छुरा जप्त किया गया। उक्त आरोपी के विरुद्ध धारा 25(1-B)(b) आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

# सड़क दुर्घटना में घायल की जान बचायें,और 25 हजार रू. पाएं

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** सड़क दुर्घटनाओं में होनी वाली मृत्युदर में कमी लाने के लिए सरकार ने राह-वीर योजना शुरू की है। योजना की गाईड लाईन के अनुसार सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को गोल्डन ऑवर अर्थात दुर्घटना से एक घंटे की समयावधि में अस्पताल पहुंचाने वाले राह-वीर को 25 हजार रूपये की नगद प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्ति-पत्र दिया जायेगा।इसके साथ ही चुने हुए राह-वीरों में से सबसे योग्य 10 राह-वीरों को राष्ट्रीय स्तर पर एक-एक लाख रुपये पुरस्कार स्वरूप दिये जायेंगे।

बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने उपस्थित सभी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, एसडीएम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं अन्य अधिकारियों को इस योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए।

बैठक में संयुक्त कलेक्टर अंशु जावला ने बताया कि कोई भी व्यक्ति जो मोटरयान सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को ''गोल्डन ऑवर'' में अस्पताल या ट्रामा केयर सेंटर तत्परता से पहुँचाकर जान बचाता है ऐसे सभी व्यक्ति 卐राह-वीर卐 योजना के लिए पात्र होंगे। गोल्डन ऑवर अर्थात दुर्घटना होने के एक घंटे के भीतर गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की जान बचाने के लिए चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराना है।एक राह-वीर को वर्षभर में अधिकतम 5 प्रकरणों में अवार्ड दिया जा सकेगा।इस योजना के तहत दिए जाने वाले सम्मान की राशि परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा वहन की जाएगी।



### सड़क दुर्घटना के घायलों के लिए कैशलेस उपचार योजना लागू

बैठक में संयुक्त कलेक्टर अंशु जावला ने बताया कि प्रदेश सरकार ने सड़क दुर्घटना के घायलों के लिये नगदी रहित उपचार योजना शुरू की है। इस योजना के क्रियान्वयन के लिये परिवहन विभाग द्वारा प्रदेश के सभी जिलों के कलेक्टर्स को निर्देश जारी किये हैं।

जारी निर्देशों में बताया गया है कि सड़क दुर्घटना प्रकरणों में जहाँ दोषी मोटरयान के पास वैध तृतीय पक्ष बीमा कव्हरेज था, उसका भुगतान केन्द्र सरकार द्वारा साधारण बीमा कम्पनियों के सहयोग से बनाये गये फण्ड से स्टेट हेल्थ एजेंसी द्वारा अस्पताल के दावे को मंजूरी दिये जाने के 10 दिनों की समयावधि में जिला कलेक्टर्स के अनुमोदन से जिला स्तर पर ही केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित फण्ड से किया जायेगा। इस योजना में अस्पताल से दुर्घटना तारीख से अधिकतम 7 दिनों की अवधि में प्रति व्यक्ति के लिये 1.50 लाख रूपये तक के उपचार की व्यवस्था है।दुर्घटना में पीड़ित व्यक्ति या उसका परिवार दुर्घटना का विवरण हेल्पलाइन नम्बर 112 में खबर दे सकता है।

बैठक में पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय, जिला पंचायत के सीईओ डॉक्टर नागार्जुन बी. गौडा, पुनासा एसडीएम शिवम प्रजापति, सहायक कलेक्टर कृष्णा सुशीर, अपर कलेक्टर के आर बडोले सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

### सुधा देवेंद्र जैन का निधन,आज होगा अंतिम संस्कार

**खंडवा।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, वैश्य समाज खण्डवा के तहसील अध्यक्ष, जैन समाज के सक्रिय सदस्य देवेंद्र कुमार जैन सराफ की धर्म पत्नी श्रीमती सुधा जैन का 79 वर्ष की आयु में बुधवार 6 अगस्त को इंदौर में निधन हो गया।समाज के मीडिया प्रभारी प्रेमांशु जैन ने बताया कि श्रीमती जैन कुछ समय से अस्वस्थ चल रही थी, कुशल डॉक्टरों के नेतृत्व में इंदौर में ही परिवार की सहमति से श्रीमती जैन का नेत्रदान करवाया गया,पार्थिव शरीर बुधवार शाम को खण्डवा पहुचा, अंतिम संस्कार आज दिनांक 7 अगस्त गुरूवार को प्रात :9 बजे राजा हरिश्चन्द मुक्तिधाम खंडवा में किया जाएगा,अंतिम यात्रा निज निवास हरिगंज से आज निकलेगी। उनके निधन पर डॉ मुनीश मिश्रा, अजय ओझा, लखन नागौरी, वीरेंद्र जैन भटयांण, जवेरीलाल जैन, अमिताभ मंडलोई,अरुण जैन सराफ,बसंत जैन बैंगलोर,डॉ दिलीप जैन,डॉ सोमिल चौधरी, महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष हेमलता पालीवाल,जिलाध्यक्ष रचना तिवारी,राजमल जैन, नवनीत जैन, प्रमोद जैन,सुभाष कोठारी,आशीष चौधरी सनावद,सुनील जैन, शैलेष पालीवाल, प्रेमांशु जैन आदि ने शोक व्यक्त किया है।

### मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के संबंध में राजनैतिक दलों की बैठक आज

**खंडवा।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण का कार्य किया जाना है।इसके संबंध में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से चर्चा के लिए 7 अगस्त को दोपहर 12 बजे कलेक्टर कार्यालय के सभागृह में बैठक आयोजित की गई है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एस.आर.सोलंकी ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से निर्धारित समय पर उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

### महिलाओं के लिए गठित आंतरिक परिवाद समिति की जानकारी बोर्ड पर प्रदर्शित करें

**खंडवा।** महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम 2013 के अंतर्गत सभी शासकीय व प्रायवेट संस्था,मॉल,दुकान, बैंक, उद्योग आदि संस्थाओं, जिनमें कि 10 या 10 से अधिक कर्मी कार्यरत है, वहां आंतरिक परिवाद समिति के गठन का प्रावधान है।इस अधिनियम की धारा 26 के अनुसार यदि कार्यालय प्रमुख आंतरिक परिवाद समिति का गठन नहीं करता है तो 50 हजार रुपए तक जुर्माना हो सकता है। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी रत्ना शर्मा ने सभी शासकीय व अशासकीय संस्था प्रमुखों से अनुरोध किया है कि अपनी संस्था में यह समिति गठित करें और गठित समिति का बोर्ड अपने कार्यालय में लगाएं।

**बैठक** — **ओंकारेश्वर में नर्मदा तट पर स्थित घाटों पर हाईमास्ट लाइट लगवायें**

# पुराने जर्जर भवनों में संचालित स्कूलों व आंगनवाड़ी को अन्य भवनों में शिफ्ट करें

नवभारत न्यूज

**खंडवा। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने जिला शिक्षा अधिकारी एवं महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए पुराने एवं अत्यंत जर्जर हो चुके भवनों में संचालित स्कूल एवं आंगनबाड़ी केंद्रों को अन्य भवनों में शिफ्ट किया जाए,ताकि किसी दुर्घटना की आशंका ना रहे।**

कलेक्टर श्री गुप्ता ने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्राम पंचायतो में जल जीवन मिशन के तहत संचालित पेयजल योजना के मामले में जलकर वसूली नियमित रूप से की जाए, ताकि पेयजल योजना के संचालन संधारण के लिए पर्याप्त राशि पंचायत के पास उपलब्ध रहे।

कलेक्टर श्री गुप्ता ने ओंकारेश्वर में नर्मदा तट पर स्थित घाटों पर हाईमास्ट लाइट लगवाने के निर्देश मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओंकारेश्वर को दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना की ग्रामीण व शहरी क्षेत्र की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि स्कूल,आंगनबाड़ी और अस्पताल परिसर के आसपास यदि विद्युत वितरण कंपनी के ट्रांसफार्मर खतरनाक स्थिति में है,या विद्युत लाइन स्कूल आंगनबाड़ी के ऊपर से निकली है,तो उसकी जानकारी विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों को दें ताकि आवश्यक सुधार कराया जा सके।

### वृद्धजनों के आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य में गति लाएं

कलेक्टर श्री गुप्ता ने निर्देश दिए कि आयुष्मान भारत योजना के तहत 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी वृद्धजनों के कार्ड बनाए जाना है। इस कार्य में खंडवा नगरीय क्षेत्र की प्रगति संतोषजनक नहीं है, इस कार्य में गति लाने के उन्होंने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिए। उन्होंने सभी जनपदो के सीइओ एवं सीएमओं को भी इस कार्य में गति लाने के निर्देश दिए।

### सभी अधिकारी कर्मचारी मिट्टी से बनी मूर्तियां ही खरीदें

कलेक्टर श्री गुप्ता ने बैठक में बताया कि गणेश उत्सव के दौरान प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्ति के विक्रय एवं निर्माण पर प्रतिबंध लगाया गया है। अतः सभी अधिकारी कर्मचारी मिट्टी से बनी मूर्तियां ही खरीदें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से कलेक्ट्रेट में स्टाल लगाकर मिट्टी की मूर्तियां उचित मूल्य पर विक्रय करने की व्यवस्था की जायेगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में "हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग" अभियान तीन चरणों में आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान के तहत 13 से 15 अगस्त तक सभी घरों व कार्यालयों के भवनों पर तिरंगा लगाये जाना है। उन्होंने इस अभियान में सभी अधिकारियों को सक्रिय भागीदारी के संबंध में निर्देश दिये।



बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में जिला पंचायत के सीईओ डॉ. नागार्जुन बी. गौडा, पुनासा एसडीएम शिवम प्रजापति, सहायक कलेक्टर कृष्णा सुशीर, अपर कलेक्टर के. आर. बडोले सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।


**OFFICE OF THE**
**SECRETARY KRISHI UPAJ MANDI SAMITI KHANDWA**
**Distt. KHANDWA (M.P.)**

No/Mandi/Nirman/2025-26/829 Khandwa Dated-**31.07.2025**

NOTICE INVITING TENDER

Online Percentage Rate E-Tenders are invited from contractors registered with the Office of the Engineer in Chief, M.P. Public Works Department, Government of Madhya Pradesh (Centralized Registration Cell) for Annual Maintanance work and painting & whitewashing of existing structures at sub Mandi yard Gudi distt.-khandwa (M.P) **Tender Number 2025_MPSAM_440305: (PAC amount Rs. 16.27 Lakh)**.

The following works Tender to be received online up to 5:30 PM on **29.08.2025** Technical bid documents with EMD & Financial Offer to be received online only as per Detailed NIT. The tender documents can be obtained online on the **http:// mptenders.gov.in** as per the Notice Published on the above Portal and detailed information can also be seen on website **www.mpmandiboard.gov.in**

Note: Any corrigendum in this NIT,if required,shall be displayed only in our above portal regarding any matter included in this NIT or otherwise. Other details of Construction/Development works and locations & key dates can also be seen on our website **www.mpmandiboard.gov.in**

**Secretary**
**A.P.M.C/Khandwa Distt.Khandwa**